मंत्रालय के नीचे बनेगी अंडरग्राउंड पार्किंग

७०० वाहनों की होगी व्यवस्था

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई के सबसे पॉश इलाके में से एक चर्चगेट के आसपास के इलाकों में पार्किंग की परेशानी जल्द ही खत्म होनेवाली है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मंत्रालय के नीचे अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने की योजना तैयार की है। इस अंडरग्राउंड पार्किंग में ७०० वाहनों को करने की व्यवस्था होगी। अंडरग्राउंड पार्किंग मेट्रो-३ परियोजना का ही हिस्सा है।

दक्षिण मुंबई के इस सबसे बड़े पार्किंग स्थल के निर्माण का जिम्मा मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) को दिया गया है। मंत्रालय में मंत्रियों, सरकारी बाबू समेत सैकड़ों लोग रोजाना अपने निजी वाहनों के साथ मंत्रालय पहुंचते हैं। मंत्रालय के भीतर सीमित पार्किंग व्यवस्था होने की वजह से स्थानीय निवासियों को पार्किंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। मंत्रालय के नीचे भूमिगत पार्किंग बन जाने के बाद स्थानीय लोगों की पार्किंग समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। मेट्रो-३ के विधानभवन स्टेशन को सबवे के माध्यम से मंत्रालय, विधानभवन से भी जोड़ने की योजना तैयार की गई है। सबवे के जरिए लोग मेट्रो से उत्तर दिशा में सीधे मंत्रालय और विधानभवन जा सकेंगे। सबवे को विधानभवन, मंत्रालय और एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग से जोड़ा जाएगा। भूमिगत सबवे से अधिकारी और कर्मचारी आसानी से एक इमारत से दूसरी इमारत तक जा सकेंगे।

विधानभवन स्टेशन से मंत्रालय के बीच ३८० मीटर लंबे सबवे का निर्माण किया जाएगा। सबवे के निर्माण पर कुल ९८.८ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सबवे निर्माण के लिए एमएमआरसी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ करार किया है। सबवे का काम ९ महीने में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।